हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024

तापमान

अधिकतम 44 .6 डिग्री

न्यूनतम 30 .7 डिग्री

11 गांव किशनगढ़ का बेटा बना लेफ्टिनेंट



12 जातिवाद और साम्प्रदायिकता मुक्त समाज से ही सामाजिक ..



## शहर में आज

- जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनाव को लेकर पूर्व प्रधान राजसिंह नांदल मैना टूरिस्ट में पत्रकार वार्ता करेंगे सुबह 11 बजे
- सति भाई साईं दास सेवा दल की ओर से अलग-अलग जगहों पर प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा सुबह 10.30 बजे से
- डीसी-एसपी लोगों की समस्याएं सुनेंगे सुबह 9 से 11 बजे तक
- नगर निगम परिवार पहचान पत्र की खामियां ठीक करने के लिए हर वार्ड में लगेंगे कैंप
- टिटौली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में शिविर सुबह 6 बजे से

## बिजली कट

- सुबह 7 से 9 बजे तक

मॉडल टाउन, सुभाष नगर, गांधी नगर, वीसी ऑफिस, सीआर रोड, दिल्ली रोड फीडर बंद रहेंगे। कबीर कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, बसंत विहार, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, सेक्टर-4 एक्सटेंशन, सेक्टर 5, आसियाना में बिजली बाधित रहेगी।

### निगम का दावा, बिजली कटौती केवल लाइनों में फाल्ट आने की वजह से


# रोज 92.5 लाख यूनिट बिजली सप्लाई फिर भी शहर में धड़ाधड़ लग रहे कट

## मानसून देगा राहत

- अगर प्री मानसून की बारिश हो जाती है तो फिर तापमान कुछ कम होगा और बिजली की खपत भी कम हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में 1 जून को 89.82, 2 को 81.41, 3 को 86.83,4 को 90.02, 5 को 92.68, 6 को 81.95, 7 को 77.36,8 को 89.24 9 को 82.40, 10 को 83.83, 11 को 88.94, 12 को 90.13 और 13 जून को 92.42 लाख यूनिट की सप्लाई देने के बाद शहर में लोगों को बिजली कट का सामना करना पड़ रहा है। निगम का कहना है कि पॉवर की कमी निगम के पास नहीं है। जितनी मांग उतनी उपभोक्ताओं को सप्लाई की जा रही है। बिजली कट केवल लाइनों में फाल्ट आने की वजह से लगते हैं। चूंकि प्रदेश में जून के अंतिम सप्ताह में मानसून पहुंचता है, ऐसे में तब तक लोगों को बिजली कटों का सामना करना ही पड़ेगा। अगर प्री मानसून की झमाझम हो जाती है तो फिर तापमान कुछ कम होगा और बिजली की खपत भी 12-15 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। खपत कम होगी तो फाल्ट भी कम आएंगे। जिससे पॉवर की निर्बाध आपूर्ति हो पाएगी।



### भीषण गर्मी से जन जीवन प्रभावित

भीषण गर्मी ने जहां लोगों का जीना मुहाल है, वहीं पीने का पानी लोगों के घावों पर नमक छिड़क रहा है। कई कालोनियों में अभी भी पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है। 23 जून को जेएनएल कैनाल में पानी आएगा। तब तक दिक्कत रहेगी। प्रशासन का दावा है कि शहर के सभी जल घरों में जरूरत के मुतबिक पानी उपलब्ध है। बावजूद इसके पीने के पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं है। पिछले दिनों डीसी द्वारा जलघरों का निरीक्षण करने के बाद भी सप्लाई में कोई खास सुधार हुआ नहीं है। लेकिन जब तक पानी नहीं आएगा हालात में सुधार की गुन्जाइस नहीं है।

### आज यहां बंद रहेगी सप्लाई

15 जून को को मॉडल टाउन पॉवर हाउस मे जरूरी कार्य के चलते सुबह 7 से 9 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी । जिसकी वजह से मॉडल टाउन,सुभाष नगर,गांधी नगर,वी सी ऑफिस,सी आर रोड,दिल्ली रोड फीडर बंद रहेंगे। इसी प्रकार सेक्टर पांच स्थित सब स्टेशन में तकनीकी काम करने के लिए बसंब बिहार, कबीर कॉलोनी , जसबीर कॉलोनी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की आपूर्ति बंद रहेगी।

### रोज 200 से ज्यादा शिकायतें

बिजली वितरण निगम का दावा है कि बिजली की कमी नहीं हुई। मांग के अनुरूप सप्लाई दी जा रही है। लेकिन गर्मी की वजह जैसे लोड बढ़ गया है। इसलिए बार-बार लाइन ट्रिप कर ही हैं। वोल्टेज में ज्यादा उतार-चढ़ाव आने पर कई लोगों के उपकरण खराब हो गए। दरअसल, बिजली निगम द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जाना था। प्रभावित लोगों के मुताबिक सेक्टर एक में रात दो बजे से लेकर सुबह आठ बजे तक पॉवर की सप्लाई नहीं थी। इसके अलावा दूसरे रिहायशी इलाकों में बिजली के कट से लोग परेशान रहे। बताया जा रहा है कि कंट्रोल रूम में प्रतिदिन 200 से ज्यादा शिकायतें सप्लाई बंद होने को आ रही हैं।

### लू से हाल बेहाल

पिछले तीन चार दिन से लू फिर चलने लगी हैं। तापमान में भी बढ़ोतरी का दौर जारी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आशंका है कि शनिवार को और बढ़ोतरी हो जाए। तापमान बढ़ेगा तो फिर बिजली का लोड और ज्यादा बढ़ेगा। मौसम विभाग द्वारा जो पूर्वानुमान हाल-फिलहाल में जारी किए गए हैं, उनके मुताबिक राज्य में कोई पश्चिमी विक्षोभ आने वाले दो चार दिन में सक्रिय नहीं होगा। जिससे गर्मी से एक दो दिन के लिए राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।




## एमडीयू के गुरुग्राम स्थित सीपीएएस में एलएलबी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

- प्रवेश परीक्षा समेत अन्य विस्तृत जानकारी विवि वेबसाइट पर उपलब्ध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गुरुग्राम स्थित सीपीएएस में सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर (पीजी) एवं एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एमबीए 2 वर्षीय कोर्स में 180, एमबीए एग्जीक्यूटिव इवनिंग कोर्स में 30, एलएलएम मॉर्निंग में 45 , एलएलएम इवनिंग में 45 और एलएलबी 3 वर्षीय ऑनर्स कोर्स की 120 सीट पर दाखिले के लिए छात्र 25 जून तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी कार्यक्रमों में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे। विवि के प्रवक्ता मुताबिक एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। जबकि एलएलबी 3 वर्षीय और एलएलएम 2 वर्षीय के लिए प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को आयोजित की जाएगी। मेरिट सूची 26 को प्रकाशित की जाएगी और पहली काउंसलिंग 29 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके बाद क्रमशः 2 और 07 अगस्त को दूसरी और तीसरी काउंसलिंग होगी। एमबीए और एलएलएम प्रोग्राम में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दिया जाएगा। जिसमें एक साल का कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा, जबकि दो साल का कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को उक्त कोर्स में डिग्री प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार छात्रों के पास ब्रेक के बाद डिग्री पूरी करने का विकल्प होगा। एनईपी के तहत छात्रों को अपनी सुविधानुसार रचनात्मक ढंग से पाठ्यक्रम पूरा करने की सुविधा मिलेगी। प्रवेश परीक्षा समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

## एडीसी ने सुनी लोगों की शिकायतें अधिकारियों को निपटारे के निर्देश

### शुक्रवार को समाधान शिविर में पहुंचीं 121 शिकायतें


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार व एसडीएम आशीष कुमार के साथ लघु सचिवालय में जन शिकायतें सुनी तथा अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। शुक्रवार को समाधान शिविर में 121 शिकायतें प्राप्त हुई। वैशाली सिंह ने कहा कि इन शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का शाम तक निपटारा करने के हर संभव प्रयास किए जाते हैं ताकि लोगों की शिकायतों को निपटाकर उन्हें राहत प्रदान की जा सके। आमजन की शिकायतों के निपटारे के लिए हर कार्य दिवस सुबह 9 से 11 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर यथा संभव समाधान किया जा रहा है। मौके पर अधिकारी राजपाल चहल, कनब लाकड़ा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक। लघु सचिवालय में शिकायतें सुनतीं अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह व अन्य अधिकारी।

## एकाएक बदला मौसम, पारा लुढ़का



रोहतक। शुक्रवार को शाम को तेज हवा से मौसम बदल गया। आसमान में बादल छा गए। दिन में तेज धूप खिली हुई थी, जिस वजह से लोग गर्मी से परेशान थे, लेकिन शाम को तेज हवाओं ने लोगों को काफी हदतक राहत दी। कैनाल रेस्ट हाउस के पास शाम लगभग 6.30 पर लिया गया फोटो में आसमान में बादल कुछ इस तरह दिखे। *फोटोः अनिल चहल*

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने विभागाध्यक्ष मनोनीत किए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टच्युट 21 के प्रावधानों के तहत प्रो मीनाक्षी को जूलोजी विभाग का और प्रो जेएस लौरा को पर्यावरण विज्ञान विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। बतौर विभागाध्यक्ष जूलोजी विभाग, प्रो मीनाक्षी की नियुक्ति 15 जून 2024 से 14 जून 2027 तक तथा विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान विभाग, प्रो जेएस लौरा की नियुक्ति 15 जून 2024 से 31 मार्च 2025 (उनकी सेवा निवृति तिथि) तक की गई है।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 64 हजार रुपये

**रोहतक।** गढ़ी मोहल्ला निवासी श्वेता सौलंकी शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरा हुडा काम्पलेक्स एसडीएफसी बैंक में खाता है। मैं अपने एटीएम से पैसे निकलवाने गई थी। जब मैं पैसे निकल रही थी तो वहां एक युवक आया और मेरी मदद करने के बहानें से मेरा एटीएम कार्ड बदल दिया। उस युवक ने मेरे खाते से 64 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे लाइन के पास मिला व्यक्ति का शव

**रोहतक।** रोहतक भिवानी रेल लाइन पर भिवानी चुंगी फाटक के पास जीआरपी को एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने जांच पड़ताल शुरू की। एएसआई हरिओम ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति की मौत प्राकृतिक है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की उम्र करीब 55 साल है।

### बिना लाइसेंस चलाया जा रहा था शराब ठेका, केस

**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोखरा खास में बिना लाइसेंस के ही शराब का ठेका चलाया जा रहा था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोखरा खास गांव में अवैध रूप से शराब का ठेका चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शराब की पेटियां मिलीं।

## जमीन बेचने के नाम पर 7 लाख रुपये की ठगी, पति-पत्नी सहित तीन लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 7 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात में पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों महिलाओं को जेल भेजा गया है। आरोपी युवक को कोर्ट के आदेश पर दो दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि गांव बहराना निवासी विजय ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि विजय का जोगिंद्र व उसकी पत्नी के साथ 10 लाख रुपये में गांव घडोटी में 7 कनाल 19 मरले व सरसाई बेचने का सोदा हुआ था। 19 सितंबर 2023 को जोगिंद्र व उसकी पत्नी ने ब्याना लिखवाया। जिसके लिए विजय ने 5 लाख रुपये उनको दिये। 5 दिसंबर 2023 को जमीन को लोन भरने के नाम पर जोगिंद्र व उसकी पत्नी ने विजय से 2,30,000/- रुपये लिए। लोन क्लीयर करने के बाद 11 जनवरी को जमीन की रजिस्ट्री करवाने विजय तहसील गया। जमीन जोगिंद्र की पत्नी के नाम होने पर जोगिंद्र तहसील से घर अपनी पत्नी को लेने के नाम पर चला गया जो वापिस नहीं आया। मनीषा ने जोगिंद्र को बताया कि ब्याने पर उसकी साइन नहीं है और ना ही उसने पेयमेंट ली है। जांच के दौरान 13 जून को आरोपी जोगिन्द्र, मनीषा पत्नी जोगिंद्र निवासी भगवतीपुर व ललिता रानी उर्फ पिंकी पत्नी नरेंद्र निवासी बेरी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी जोगिंद्र ने ललिता रानी को अपनी पत्नी मनीषा बताकर झूठा इकरारनामा तैयार किया था।



## महम में सड़कों पर घूम रही नकली पुलिस कागजात दिखाने के बहाने लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 7 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात में पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों महिलाओं को जेल भेजा गया है। आरोपी युवक को कोर्ट के आदेश पर दो दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि गांव बहराना निवासी विजय ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि विजय का जोगिंद्र व उसकी पत्नी के साथ 10 लाख रुपये में गांव घडोटी में 7 कनाल 19 मरले व सरसाई बेचने का सोदा हुआ था। 19 सितंबर 2023 को जोगिंद्र व उसकी पत्नी ने ब्याना लिखवाया। जिसके लिए विजय ने 5 लाख रुपये उनको दिये। 5 दिसंबर 2023 को जमीन को लोन भरने के नाम पर जोगिंद्र व उसकी पत्नी ने विजय से 2,30,000/- रुपये लिए। लोन क्लीयर करने के बाद 11 जनवरी को जमीन की रजिस्ट्री करवाने विजय तहसील गया। जमीन जोगिंद्र की पत्नी के नाम होने पर जोगिंद्र तहसील से घर अपनी पत्नी को लेने के नाम पर चला गया जो वापिस नहीं आया। मनीषा ने जोगिंद्र को बताया कि ब्याने पर उसकी साइन नहीं है और ना ही उसने पेयमेंट ली है। 13 जून को आरोपी जोगिन्द्र, मनीषा पत्नी जोगिंद्र निवासी भगवतीपुर व ललिता रानी उर्फ पिंकी पत्नी नरेंद्र निवासी बेरी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी जोगिंद्र ने ललिता रानी को अपनी पत्नी मनीषा बताकर झूठा इकरारनामा तैयार किया था।

**चुनाव** कोई कोर्ट में चुनौती दे तो लग सकती है चुनाव प्रक्रिया पर रोक, इसलिए सभी चुप

## लाखों रुपये जमानत राशि को लेकर टारगेट नहीं बनना चाहते जाट संस्था कॉलेजियम सदस्य

- नामांकन के पहले दिन उप प्रधान के लिए एक ने दाखिल किया पर्चा, नॉमिनेशन की 16 जून अंतिम तिथि

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था की गवर्निंग बॉडी का चुनाव लड़ने के लिए जो लाखों रुपये की जमानत राशि निर्धारित की गई है, उसे लेकर कोई भी कॉलेजियम सदस्य समाज के टारगेट पर नहीं आना चाहता। अगर कोई भी सदस्य इस राशि को कोर्ट में चुनौती दे और न्यायालय इलेक्शन प्रक्रिया पर ही रोक लगा दे तो वह सदस्य समाज के निशाने पर आ जाएगा। क्योंकि संस्था के चुनाव बीते आठ साल से कोर्ट-कचहरी के चक्कर में ही उलझे हुए थे और अब फिर से कचहरी के चक्कर में न फंसे। इसलिए जमानत की राशि अति ज्यादा होने के बाद भी इसे कानूनी चुनौती नहीं दी जा रही है। सर्वविदित है कि प्रधान के लिए जमानत की राशि 1 लाख 51 हजार रुपये, उप प्रधान के लिए 1 लाख 41 हजार, सचिव के लिए 1 लाख 31 हजार और खंजाची के लिए 1 लाख 21 रुपये निर्धारित की गई है। ध्यान रहे कि जुलाई 2016 में इलेक्शन से ठीक पहले हाईकोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी थी। जिन लोगों ने गत 12 जून की चुनाव मीटिंग में जमानत की राशि लाखों रुपये तक करने का विरोध किया था। उनमें से ही कुछ ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि जमानत राशि पूरी तरह से गलत है। लेकिन हम इस राशि को लेकर कोर्ट में याचिका नहीं डाल सकते हैं। अगर कोर्ट ने इलेक्शन प्रक्रिया रोक लगा दी तो फिर हम समाज के टारगेट पर आ जाएंगे। इसलिए हमने अपनी जुबान बंद करना ही फिलहाल बेहतर समझा है, ऐसा कॉलेजियम सदस्यों का कहना है। इन्होंने कहा कि चुनाव के बाद जमानत राशि को लेकर कोई न कोई ठोस कदम उठाया जाएगा, क्योंकि इतनी बड़ी राशि जमानत के रूप में उम्मीदवारों से लेना, लोकतांत्रिक सिस्टम के लिए किसी भी रूप में सही नहीं कहा जा सकता है।




### गवर्निंग बॉडी के लिए 23 को पड़ेंगे वोट



नामांकन के पहले दिन उप प्रधान के लिए एक नामांकन दाखिल किया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं चुनाव अधिकारी वैशाली सिंह ने निरीक्षण करके नॉमिनेशन प्रक्रिया की जानकारी ली। गवर्निंग बॉडी के लिए 23 जून को मतदान होगा। प्रधान, उप प्रधान, महा सचिव और कोषाध्यक्ष चुनने के लिए 105 कॉलेजियम सदस्य वोट डालेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 16 जून है। -डॉ. **नवनीत अहलावत**,ओएसडी टू प्रशासक जाट शिक्षण संस्था

### लोकतंत्र केवल लखपतियों के लिए

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. रणबीर गुलिया का तर्क है कि जमानत की राशि लाखों रुपये तय करने का मतलब ये है लोकतंत्र केवल लखपतियों के लिए है। प्रो. गुलिया ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का ध्येय समाज सेवा होता है। अगर कोई व्यक्ति संस्था में किसी पद पर निर्वाचित होने के लिए लाखों रुपये खर्च करेगा तो स्वभाविक है कि समाज सेवा करने के लिए कई बार सोचेगा।

## निंदाना में किसानों के धरने पर हुई थी आगजनी की घटना, 3 दिन बाद केस

- चकबंदी को लेकर निंदाना में किसान ढाई साल से धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

चकबंदी को लेकर निंदाना गांव में गोहाना रोड पर किसानों द्वारा ढाई साल से चलाए जा रहे धरना स्थल पर शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिस वजह से टैंट और वहां पर रखा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना 11 जून की रात की है। पुलिस ने इस संबंध में तीन दिन बाद महम थाने में आगजनी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में किसान नेता राय सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लिखित शिकायत में कहा है कि उनके धरना स्थल पर पहले चोरी की वारदात हुई थी। उस केस में भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई थी।

### 11 जून की घटना

11 जून की रात को 9 बजे धरना टैंट को किलाबंदी विरोधियों ने आग लगा दी। जिसमें हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि धरने पर सोने वाले आदमी खाना खाने के लिए घर गए हुए थे। जैसे ही धरने पर पहुंचे तो 9 बजकर 25 मिनट पर आग लगी हुई थी। इस दौरान पुलिस की 112 नंबर सेवा पर कॉल किया गया। लेकिन 2 घंटे तक वे पुलिस के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। अंत में फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना पाकर मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। सूचना के बाद भी 112 नंबर वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। 112 नंबर गाड़ी पर जो भी कर्मचारी ड्यूटी पर थे, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही धरना स्थल पर आग लगाने वालों की पहचान कर पुलिस उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे।


घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।



### क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चो और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

### कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

## महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



### फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

### कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



### कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

### कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

### फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स,
- क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

---

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

### देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में 28 हजार शिक्षकों के पद खाली: अनुराग ढांडा



**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शिक्षा के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि सरकार को न हरियाणा के विद्यार्थियों को चिंता है और न ही हरियाणा युवाओं के रोजगार की परवाह है। पूरे हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था को सरकार ने पिछले 10 सालों में बर्बाद कर दिया है। कहा कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पीजीटी के 10 हजार के करीब पद खाली हैं। करनाल में पीजीटी टीचर्स के 567 पद खाली हैं। फरीदाबाद से शिक्षा मंत्री हैं वहां पर 672 पद खाली हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री यमुनानगर से थे, जहां पर 553 पद खाली पड़े हैं। सिरसा में 884 और नूंह में 1003 पद खाली पड़े हैं। यदि हम कुल टीचर्स पीजीटी और टीजीटी को देखें तो हरियाणा के स्कूलों में 28000 वैकेंसी खाली पड़ी हैं।

### साथियों संग मिलकर नकदी व फोन छीना

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरी का आरोप लगाकर युवक को गली में ले जाकर उससे हजारों रुपये की नकदी व मोबाइल फोन लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### धोखाधड़ी की वारदात में शामिल महिला गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रेवली निवासी किरणपाल ने गत 5 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि एक महिला व दीपांशु निवासी लाल दरवाजा दो साल पहले आए। उसे कहने लगे कि उन्होंने एक कंपनी खोली है। उसे कहने लगे कि अगर वह कंपनी के लिए रुपये दोगें तो उसे दोगूने रुपये देगें।

### संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन

# फीस स्थगन आदेश पर खड़े किए सवाल, घालमेल का अंदेशा बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### प्रोस्पेक्ट्स में कोर्स की सीट, फीस तथा जरूरी जानकारियां होना जरूरी



**रोहतक।** विरोध प्रदर्शन करते संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

कोई भी शिक्षण संस्थान जब एडमिशन प्रक्रिया शुरू करता है तो उसके प्रबंधन को कोर्स की सीट, उनकी फीस तथा दूसरी जरूरी जानकारियां प्रोस्पेक्टस में लिखनी होती हैं ताकि उसके आधार पर ही छात्र कोर्स के लिए आवेदन दाखिल करे। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रोस्पेक्टस जारी किए। लेकिन फीस को लेकर छात्रों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया तो गत 13 जून को विश्वविद्यालय ने बयान जारी किया कि बढ़ाई गई फीस के निर्णय को स्थगित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के इस निर्णय पर छात्रों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

शुक्रवार को संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने कहा कि एमडीयू ने अभी तक बढ़ी हुई फीस पर रोक लगाने का ऑफिशियल नोटिस जारी नहीं किया है। प्रशासन ने कहा है कि 20 जून को छात्र नेताओं से मीटिंग करने के बाद फीस के बारे में फैसला लेंगे। लेकिन 20 जून को प्रवेश परीक्षा है। इसमें जो विद्यार्थी गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम परिवार से आते हैं। उन्होंने पांच गुना फीस देखकर एमडीयू का फॉर्म नहीं भरा। ऐसे में उन विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई जानी चाहिए। जब तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर फीस चार्ट जारी नहीं हो जाता तब तक प्रवेश परीक्षा करवाना गलत है। संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने कहा कि वीरवार को यूनिवर्सिटी ने बताया कि उन्होंने 5 गुना फीस पर रोक लगा दी है। लेकिन बिना फीस जाने विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा कैसे दे सकते हैं। भारत में ऐसा कौन सा शिक्षण संस्थान है जिसमें विद्यार्थी को दाखिला लेने से पहले उसकी फीस ही नहीं पता।

#### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए

संयुक्त छात्र संघर्ष समिति ने कहा कि फीस वृद्धि के फैसले को स्थगित करने से छात्रों की समस्याएं दूर नहीं होंगी। 5 गुना फीस वृद्धि, 4 वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए। ये ही प्रमुख मांग थी, ऐसा समिति ने कहा है। अगर विश्वविद्यालय की मंशा यह है कि 20 जून को छात्र नेताओं के साथ बैठक करके फीस में कुछ मात्र संशोधन करके लागू कर देंगे तो, ऐसा कथापि नहीं होने देंगे। गत शिक्षा सत्र से अधिक फीस बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं होगी। ये समिति ने कहा है।

#### ये रहे मौजूद

मालूम हो कि संयुक्त छात्र संघर्ष समिति में जोगा पहलवान, नितेश ढिगाना, सीवाईएसएस से दीपक धनखड़, इनसो से दीपक मालिक, एसएफआई से अमित पुनिया, एनएसयूआई से कमजीत रिसर्च स्कॉलर, जेएसओ प्रवीन मलिक, एआईडीएसओ से उमेश मौर्य, सीईएम से अभिषेक, दिशा छात्र संगठन परदीप, अमन आलडिया प्रदेश सचिव सीवाईएसएस, रॉबिन मलिक जिला अध्यक्ष सीवाईएसएस, साहिल चावरिया, विशेष अहलावत और विजय नांदल इनसो से शामिल हैं।



**महम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट। फोटो :हरिभूमि

## महम के टाउन पार्क में मनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय योग दिवस समारोह

- योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने अफसरों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

कस्बा महम के टाऊन पार्क में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम दलबीर सिंह फौगाट ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बिजली, पानी, परिवहन, एंबूलेंस सेवा आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम ने बताया कि 19 जून को पायलट रिहर्सल की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने और एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात से आठ बजे के बीच महम के हुडा पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें स्कूल के विद्यर्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व अलग से शौचालयों का इंतजाम होना चाहिये। बैठक में खंड विकास अधिकारी नरेन्द्र धनखड़, आयुष विभाग से डॉ. नवीन व अन्य सम्बधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लिवासपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने का मामला सामने आया है। मारपीट में हमलावरों ने पशुधन के साथ-साथ दो-पहिया वाहन के साथ तोड़फोड की। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

### नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम में शपथ लेते खिलाड़ी।

नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के आदेशानुसार सभी जिलों में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो के रोहतक यूनिट के पुलिस उप अधीक्षक सतेंद्र कुमार के निर्देशनुसार छोटू राम स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के खिलाड़ियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल व सिपाही राजीव ने लगभग 300 खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि बच्चे नशे से दूर रहें। उन्होंने आगे कहा कि आज एक और नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ीत नारी शक्ति है तो दूसरी और वही नारी शक्ति न केवल नशे के व्यापार में सहभागिता करती है, बथ्ल्क स्वयं भी नशे के सेवन में पीछे नहीं है। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि एक प्रकाशित लेख के अनुसार पंजाब में पकड़ें गए नशा तस्करों में 33 प्रतिशत महिलाएं संलिप्त थी।

### महावीर पुरस्कार के लिए 30 तक सिफारिशें आमंत्रित



**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भगवान महावीर फाऊंडेशन की ओर से अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में समाज के लिए निस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं के लिए 28वें महावीर पुरस्कार के लिए 30 जुलाई तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। हर क्षेत्र में पुरस्कार के रूप में 10 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना और सम्मानित करना है, जो समाज को निस्वार्थ सेवा प्रदान कर रहे हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। पुरस्कार के लिए ज्यूरी द्वारा चयन किया जाएगा।

## तनिष्क की गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी

- सोने की बढ़ती कीमतों में उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/रोहतक



मई 2024 सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। उपभोक्ता अपने पुराने सोने का अधिकतम मूल्य पाने के तरीके लगातार खोज रहे हैं। भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का सदस्य, तनिष्क हिसार ने सोने की बढ़ती कीमतों को मद्देनजर रखते हुए और अपने उपभोक्ताओं की बढ़ती, बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए 'गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी' प्रस्तुत की है। इसके तहत शून्य कटौती के जरिए उपभोक्ताओं को सोने का सर्वोत्तम मूल्य दिलाने के लिए इस एक्सचेंज पॉलिसी में सोने को तनिष्क के सबसे नए डिजाइंस के साथ अपग्रेड करने का सुनहरा अवसर दिया गया है। ग्राहक-केंद्रित ब्रांड होने के नाते, तनिष्क हिसार ने हमेशा से ही अपने उपभोक्ताओं को अपने सभी कामों में सबसे ज्यादा अहमियत दी है। मैनेजर मुनीश ने बताया कि तनिष्क की गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी एक ऐसी पहल है जिसमें उपभोक्ताओं का विश्वास और उनके साथ जुड़ाव को मजबूत करने के लिए सर्वोत्तम मूल्य, अतुलनीय कारीगरी और पारदर्शी एक्सचेंज प्रक्रिया के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाया जा रहा है। ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने सोने को एक्सचेंज कर सकते हैं।

## जिला पदाधिकारियों ने तैयार की चुनाव की रूपरेखा

### विस चुनाव में सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** बैठक को सम्बोधित करते वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली।

भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों ने वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा भी की। जिलाध्यक्ष रणवीर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतिम व्यक्ति की चिंता की है। गरीब व वंचित व्यक्तियों को 100-100 गज के प्लाट आबंटित किए गए। उनकी रजिस्ट्री के पक्के कागजात योग्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से दिए गए हैं। विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार जनता की सेवा करेंगे। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि हमें अपनी कमियों को पहचानकर दोबारा जुटकर जनता का आशीर्वाद लेना होगा। उन्होंने कहा कि अनेक प्रदेशों में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत के बलबूते क्लीन स्वीप किया है। तीन नए राज्यों में भाजपा की सरकार बनी है।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला प्रवक्ता राकेश सपड़ा, जिला महामंत्री आशा शर्मा, राजकुमार सुनारियां, अजय शर्मा, गीता आहलयान, वीर सिंह हुड्डा, सत्यप्रकाश बिसला, उषा शर्मा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपू नागपाल, जिला मंत्री सतीश रोहिल्ला व अनेक पदाधिकारियों ने बैठक में अपने विचार सांझा किए।

## शिविर में 239 मरीजों के नेत्र जांचे

- शिवाजी कालोनी में दक्ष वधवा के जन्मदिवस पर नेत्र जांच कैंप लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



आंखों की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा।

खुराना आई सेंटर की तरफ से गुरूद्वारा गुरूनानक दरबार, शिवाजी कालोनी में दक्ष वधवा के जन्मदिवस पर निशुल्क नेत्र जांच एवं निशुल्क दवाई वितरण कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के पूर्व मुख्यनेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि शिविर में 239 मरीजो की जांच की गई। 22 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिले। मरीजों के चश्मे का नंबर एवं दवाई निशुल्क प्रदान गई। साथ ही आंखो की देखरेख को लेकर जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी अश्वनी, राजन वधवा, डॉ. स्तुति, तिलक धवन, प्रभजोत सिंह, समाजसेवी राजेश सुनारिया, गुरूद्वारा प्रधान राजेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, जगत सिंह गिल, राजेंद्र शर्मा, विक्रांत बतरा, भूपेंद्र बड़क सहित अन्य मौजूद रहे।

### चलती गाड़ी में लगी आग विदेश युवक व चालक बचा

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव चौहान जोशी के पास दिल्ली की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी सवार विदेशी युवक, उनके साथी व चालक बाल-बाल बच गए। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गाड़ी जलकर ढांचा बन गई। द्वारका दिल्ली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका दोस्त बैरक निवासी इंग्लैंड उससे मिलने के लिए आया हुआ था। उसके बाद दोनों घुमने के लिए कार में सवार होकर दिल्ली से निकले थे।

**सूचना**

मैं, सुरजमुखी पत्नी स्व. राजकपूर निवासी गांव व डाकखाना अजायब तहसील महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र साहिल कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, उर्मिला पत्नी स्व. श्री श्याम सुन्दर सिंगल निवासी जनता कॉलोनी, रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित सिंगल व इसकी पत्नी रीना सिंगल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पासिंग आउट परेड के बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

# गांव किशनगढ़ का बेटा सौरव बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



**महम।** लेफ्टिनेंट बनने पर सौरव को बधाई देते चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान धज्जाराम गोयत व साथ मौजूद सौरव के माता पिता। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को कस्बा महम से सटे किशनगढ़ गांव में किसान पवन सिंह गोयत के घर पर शामियाने लगे हुए थे। शहर, गांव और गोहांड के सैकड़ों लोगों का उनके घर पर जमावड़ा लगा हुआ था। चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान धज्जाराम गोयत व पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी समेत इलाके के कई मौजिज व्यक्ति भी समारोह में पहुंचे थे। क्योंकि किशनगढ़ गांव के पवन सिंह गोयत के बेटे सौरव गोयत ने सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर भर्ती होकर गांव का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्ध पर किशनगढ़ गांव में जश्न मनाया जा रहा है। लड्डू बांटकर परिजनों ने खुशी का इजहार किया। पासिंग आऊट परेड के बाद सौरव घर पहुंचा था और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। ग्रामीणों ने उनका फूलों व नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया। चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान धज्जाराम गोयत ने कहा कि यह पूरे महम चौबीसी इलाके के लिए गर्व की बात है।

#### मात्र 23 साल उम्र में पाई सफलता

23 साल की उम्र में सौरव ने यह उपलब्धि हासिल की है। सौरव के दादा करतार सिंह राजस्व विभाग में पटवारी थे, जिनका निधन हो चुका है। इनके पिता पवन सिंह किसान हैं और इनकी माता गृहणी है। पिता स्नातक पास हैं जबकि मां कांता दसवीं पास हैं। सौरव से बड़ी एक बहन है रितु। रितु पोस्ट ग्रेजुएट है और शादीशुदा है। सौरव ने चौथी कक्षा से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई राई स्पोर्ट्स स्कूल से की है। 8 जून को ही उसकी पासिंग आऊट परेड हुई है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद सौरव घर पहुंचा था और अब जम्मू में उसकी पहली ज्वाइनिंग है। सभी ने सौरव को शुभकामनाएं दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**रोहतक।** महिला रक्तदाताओं को सम्मानित करते राज्यपाल।

### महिला रक्तदाताओं को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया

- अंबाला में कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** विश्व रक्तदाता दिवस पर महिला रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह अंबाला में हुआ और मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रहे। समारोह में सम्मानित होने वाली मुन्नी गोदारा 75वीं बार, सुनीता अहलावत ने 50 बार, सविता शर्मा 32 बार, कमलेश सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पीजीआईएम 30 बार रक्तदान, निर्मल मलिक, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पीजीआईएमएस रक्तदान कर चुकी हैं।

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**रोहतक।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन और आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर योग प्रशिक्षण शिविर लगाकर प्रोटोकॉल के अनुसार योगासनों व प्राणायामों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला स्तर पर 15 जून तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर भी चल रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. ईशा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार 21 जून को खंड व जिला स्तर पर योग दिवस मनाएंगे। अंतिम पूर्वाभ्यास 19 जून को राजीव गांधी खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में सुबह 7 से 8 बजे तक किया जाएगा और जिला स्तर पर योग मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा।



### एमडीयू कर्मियों को नई पेंशन स्कीम की दी जानकारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समन्वयक, प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य मदवि कर्मियों को एनपीएस की विस्तृत जानकारी देना तथा इस स्कीम के विविध पहलुओं बारे अवगत कराना है।

### शिविर में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक करवाएं

**रोहतक।** परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करने के लिए प्रशासन द्वारा 22 जून तक गांव व वार्ड स्तर पर विशेष शिविर लगाए रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने कहा कि त्रुटियों को ठीक करने के लिए टीमें गठित की गई हैं, जो 22 जून तक त्रुटियों को दुरुस्त करेंगी। इन शिविरों का आयोजन राजकीय विद्यालयों में किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा गांव में सरपंचों, पंचों व नंबरदारों को परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों की जानकारी दी गई है।

चोरी की वारदात सुलझाने में पुलिस के हाथ अभी तक खाली

# पुलिस सुस्त- चोर चुस्त, गश्त बढ़ी तो चोरी भी

डायल 112 की गश्त व रात को सुरक्षा का अहसास करवाने के दावे को पूरी तरह से चोरी ने झूठला दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में एक के बाद एक चोरी हो रही है। पिछले 7 दिनों में चोरों ने शहर में कई जगहों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अभी तक एक भी वारदात को ट्रेस करने में सफल नहीं हो सकी है। डायल 112 की गश्त व रात को सुरक्षा का अहसास करवाने के दावे को पूरी तरह से चोरी ने झूठला दिया है। शहर की भरत कॉलानी में घर का ताला तोड़कर चोरों ने साबित कर दिया कि वे जहां चाहे वारदात कर सकते हैं। वहीं शहर के एक निजी होटल से लैपटॉप चोरी होने के बाद व्यापारी दहशत में हैं। वहीं गांव में चोरों ने दुकानों को निशाना बनाया है।



### घर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी

भरत कॉलोनी स्थित एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण चोरी कर लिए। बुधवार 12 जून को सिविल लाइन पुलिस को दी शिकायत में शुभम दुआ ने बताया कि वह गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उनकी मां नीरू दुआ एक निजी स्कूल में शिक्षक है जो भरत कॉलोनी रोहतक में रहती है। तीन जून को स्कूल की छुट्टियां होने के कारण मां घर पर ताला लगाकर गुरुग्राम आ गई थी और 12 जून को पड़ोसियों से सूचना मिली की घर में चोरी हुई है। इसके बाद घर में आकर देखा तो मकान के ताले टूटे हुए है। कमरों में रखी अलमारियां भी खुली हुई थी। जिसमें से एक सोने की चेन, दो सेट कान की बाली, दो चांदी के गिलास, 20-25 चांदी के सिक्के और कुछ कीमती घड़ी चोरी हुई है। दूसरे कमरे में रखी अलमारी से डेढ़ से दो लाख रुपए चोरी हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी चोरी

सोनीपत स्टैंड के पास एमआर कांप्लेक्स के सामने अधिवक्ता की खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी व अन्य सामान चोरी हो गया। 12 जून को अधिवक्ता चंद्रेश कपूर ने बताया कि बुधवार को शाम करीब साढ़े चार बजे गाड़ी को सोनीपत स्टैंड के पास खड़ी की थी। जब आफिस का काम निपटाकर जाने लगा तो देखा कि गाड़ी का परिचालक साइड का शीशा टूटा हुआ मिला है। गाड़ी के डेश बोर्ड से 10 हजार रुपए, चार्जर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद डायल 112 को सूचित किया गया। जिस जगह पर गाड़ी खड़ी की गई थी, वहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल रहती है और इसके बावजूद गाड़ी का शीशा तोड़ने की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं मौके पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### रोड पर खड़ी गाड़ी चोरी

गांव रिठाल फौगाट से एक गाड़ी चोरी हो गई। 8 जून को सोनीपत निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक गाड़ी पिकअप डाला है। जो मैंने शिव कुमार निवासी रिठाल फौगाट को चालक के तौर पर दे रखा था। छह जून को गाड़ी अपने गांव रिठाल फौगाट में लेकर आया और गाड़ी को अपने घर के बाहर खड़ी कर दी। जो सुबह उठकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली जो गाड़ी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान से सीसीटीवी कैमरे व नकदी चोरी

गांव खिड़वाली में एक दुकान से सीसीटीवी कैमरे व नकदी चोरी कर ली गई। 10 जून को दुकानदार नरेश कुमार ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के मैन अड्डे पर मिठाई की दुकान कर रखी है। दुकान में 15 दिन पहले ही सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। जब नौ जून को रात करीब 10 बजे दुकान को बंद कर घर चला गया था। सोमवार को सुबह करीब छह बजे दुकान खोली तो पीछे वाला गेट खुला मिला और कैमरे चैक करने पर पता लगा कि तीन कैमरे व हार्ड डिस्क, एलसीडी चोरी हुई मिली। दुकान के गल्ले से करीब 1200 रुपए भी चोरी हुए मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नकदी और गैस सिलेंडर चोरी

गढ़ी मौहल्ला के घर से चोरों ने नकदी व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। 12 जून को विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक साल वह नरवाना रहता है। रोहतक में मां रहती है। पिछले 15 दिन से मां मेरे पास नरवाना आई हुई थी। 12 जून को सुबह मौसी केला देवी का फोन आया कि घर का ताला टूटा हुआ पड़ा है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही रोहतक आकर देखा कि घर में अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से एक गैस सिलेंडर व लोहे की छोटी पेटी से 15 हजार रुपए चोरी हुए मिले। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से नकदी व गैस सिलेंडर चोरी

गढ़ी मौहल्ला स्थित घर से चोरों ने नकदी व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। 12 जून को पुलिस को दी शिकातय में विक्रम ने बताया कि एक साल वह नरवाना रहता है। रोहतक में मां रहती है। पिछले 15 दिन से मां मेरे पास नरवाना आई हुई थी। 12 जून को सुबह मौसी केला देवी का फोन आया कि घर का ताला टूटा हुआ पड़ा है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही रोहतक आकर देखा कि घर में अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से एक गैस सिलेंडर व लोहे की छोटी पेटी से 15 हजार रुपए चोरी हुए मिले। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होटल के आफिस में रखा लैपटाप चोरी

दिल्ली बाईपास स्थित एक होटल के आफिस में रखा लैपटाप चोरी हो गया। 7 जून को सेक्टर दो निवासी रोहित ने अर्बन एस्टेट थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने दिल्ली बाईपास पर होटल बना रखा है। पांच जून को उसने अपने होटल के आफिस में लैपटाप रखा था। इस दौरान वह किसी काम से बाहर चला गया। जब उसने वापस आकर देखा तो लैपटाप वहां नहीं मिला। उसे एक युवक चुराकर ले गया। जब उन्होंने आफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो एक युवक लैपटाप चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। जो पहले भी होटल में आ चुका है। जो लैपटाप को चोरी करके ले गया, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। साथ ही लैपटाप बरामद करवाने व उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आरोपित की पहचान करने में लगी हुई है।

## चकबंदी की कब्जा कार्रवाई गर्मी से हो रहा प्रभावित

- अत्यधिक गर्मी में सैटेलाइट उपकरण काम करना छोड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

चकबंदी के बाद निंदाना गांव में भू स्वामियों को जमीनों का कब्जा देने का काम शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। लगातार तीन दिन से गांव के रकबे में राजस्व विभाग की चार टीमें कब्जा देने के काम में लगी हुई हैं। लेकिन भीषण गर्मी की वजह से कब्जा कार्रवाई का काम धीमी गति से चल रहा है। क्योंकि अत्यधिक गर्मी में सैटेलाइट उपकरण काम करना छोड़ देते हैं। तेज हवा में उपकरण गिर जाते हैं। एक मशीन की तो तेज हवा में छतरी उड़ गई। उसके बाद सैटेलाइट उपकरण पानी में गिर गया। इन उपकरण में लगाए जाने वाले मोबाइल फोन भी गर्म होकर फट चुके हैं। बावजूद इसके गांव में चारों टीमें जमीनों का कब्जा भू स्वामियों को देने में लगी हुई हैं।

तीन दिन से यह देखने में आ रहा है, कि सुबह ही पुलिस की कई बसें महम थाने में पहुंच जाती हैं और उसके बाद निंदाना की ओर रवाना हो जाती हैं। यह सारा काम पुलिस की मौजूदगी में किया जा रहा है। ग्रामीणों के सामने पैसे का भी संकट खड़ा हो गया है। अब तक तो ग्रामीण अपने पास से ही सैटेलाइट मशीनों का खर्च वहन कर रहे थे। लेकिन अब प्रशासन ने इन मशीनों का खर्च वहन करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। मास्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि सैटेलाइट मशीनें प्राइवेट कंपनी की हैं। रोजाना 20 हजार रुपए देने पड़ते हैं।

कब्जा देते समय ट्रेक्टर व मेंढ बनाने वाली मशीन की भी जरूरत होती है। सब किसानों के पास ट्रैक्टर व मेंढ बनाने वाली मशीन उपलब्ध नहीं हो रही। ऐसे में ग्रामीणों ने यह समस्या भी प्रशासनिक अधिकारियों को बताई। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि वे कल से ट्रैक्टर की भी व्यवस्था कर रहे हैं। गांव में हालांकि कुछ लोग इस कब्जा कार्रवाई के विरोध में हैं। लेकिन प्रशासन कब्जा कार्रवाई में लगा हुआ है। अधिकारी कह रहे हैं, कि जिन लोगों की शिकायतें हैं, उनका भी समाधान बाद में करेंगे। पहले जमीन मालिकों को कब्जा देना उनकी प्राथमिकता है। क्योंकि बारिश का मौसम शुरू होने के बाद यह काम ठप हो जाएगा। क्योंकि बारिश होते ही किसानों को अपने खेतों में फसलों की बिजाई करनी होती है। ध्यान रहे कि सात साल पहले निंदाना में चकबंदी का कार्य किया गया था। गांव के लोग जमीनों का कब्जा लेने की बाट जोह रहे थे।


## शिक्षा सदन का उद्घाटन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के नए शिक्षा सदन के भूमितल का उद्घाटन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 16 जून को शांत नगर काठ मंडी में किया जायेगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम के सानिध्य महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद स्वामी महाराज, महामंडलेश्वर बाबा कर्ण पुरी महाराज, मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, सुरेंद्र जैन होंगे। इस अवसर पर वंदना जैन, सिद्धार्थ जैन, कृष्ण जैन, समाजसेवी गोबिन्द राम सिंगल, राजेश सिंहपुरिया, अमरीश गुप्ता, जयभगवान मंगला, योगेश गुप्ता, संजय सिंगला मौजूद रहेंगे।

## खरावड़-गांधरा इंडस्ट्रियल एसो. के अध्यक्ष बने प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



खरावड़-गांधरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन का गठन कर दिया गया है। इस एसोसिएशन का पहला चुनाव हुआ और प्रवीण मलिक को अध्यक्ष चुना गया। इनके साथ अंकुर जैन को उपाध्यक्ष, महेंद्र जिंदल को मुख्य सचिव, पुनीत पाहवा को संयुक्त सचिव, नवीन मलिक को खजांची चुना गया। वहीं पंकज डावर, मनीष गर्ग और आशीष विज एग्जीक्यूटिव मेंबर्स बनाए गए हैं। बता दें कि खरावड़-गांधरा क्षेत्र में लगभग 70 के औद्योगिक इकाइयां हैं और इस क्षेत्र में लगभग 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया हुआ है। साथ ही सरकार को भी एक बड़ा राजस्व इन औद्योगिक इकाइयों से मिलता है। लेकिन इस क्षेत्र की इंडस्ट्री संबंधित सुविधाओं के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती। सड़क, बिजली, पानी, सीवेज, सुरक्षा व कॉम्पलिएंसेस आदि के लिए औद्योगिक इकाइयों को परेशानी उठानी पड़ती है। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण मलिक ने बताया कि पिछले साल लगभग 20 फैक्टरियों की बिजली की समस्या का समाधन करवाया। एसोसिएशन इसी तरह के कार्यों की लिस्ट के साथ सरकार व प्रशासन के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी तालमेल बनाए रखेगी।

## रैली निकालकर रक्तदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 58 लोगों ने रक्तदान किया। इसके अलावा एमबीबीएस, बीडीएस, फार्मेसी व नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने ओपीडी से मेडिकल मोड तक रक्तदान जागरूकता रैली निकाली। रैली को कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अधिकतर सर्जरी के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में हमें रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान से हम किसी के बहुमूल्य जीवन को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिजनों से रक्त मांगने पर कई बार परिजन रक्तदान करवाने में असमर्थ होते हैं, हम स्वैच्छिक रक्तदान से ही रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि रक्तदान करने से वजन भी नियंत्रित रहता है और हृदय संबंधी बीमारी होने का खतरा भी कम होता है। ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह ने कहा कि अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से सम्पूर्ण रक्त को विभाजित करके प्रयोग में लाया जा सकता है, जैसे प्लाजमा, प्लेटलैट, पैक्डसैल वाल्यूम आदि।



**रोहतक।** रक्तदाता को बैज लगाते हुए एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ,चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह , पब्लिक हैल्थ डेंटिसरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ व बाबा सुखा शाहा।

### जागरूकता आई

पब्लिक हैल्थ डेंटिसरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में रक्तदान के प्रति लोगों में काफी जागरुकता आई है और हरियाणा में स्वैच्छिक रक्तदान करने वालो में बढ़ोतरी हुई है। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि आज के समय में किसी शरीर में रक्त चढ़ाने के आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक द्वारा एक यूनिट रक्त का बहुतायत उपयोग सम्भव है। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन डॉ. कुलदीप लालर, बाबा सुखा शाहा, नवनीत हुड्डा, अजय हुड्डा, जगत गिल, भारत खुराना, अनिश, ललिता आदि उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि गांव भैराण निवासी अमित ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 12 जून को अमित अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर महम आया हुआ था। अमित अपनी मोटरसाइकिल को आजाद चौक पर खड़ा कर सामान लेने चला गया। वापिस आने पर अमित को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## विश्व रक्तदान दिवस पर हुआ वेबीनार

- दुनियां के सभी रक्तदाताओं का पवित्र त्यौहार है : सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



आरपी एजुकेशन सोसायटी, आईएसबीटीआई हरियाणा व क्रॉस एंड क्लाइंब अकैडमी के संयुक्त तत्वाधान रक्तदाताओं का धन्यवाद विषय पर विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन वेबिनार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। आरपी एजुकेशन सोसायटी के निदेशक व आईएसबीटीआई हरियाणा के समन्वयक डॉ. सतीश कुंडू ने रक्तदान से संबंधित आंकड़ो, प्रयासों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. सतीश कुंडू ने बताया कि यह दिवस नोबेल पुरुस्कार विजेता कार्ल लैंड्सटीनेर (जिन्होंने ब्लड ग्रुप ए, बी, ओ की खोज की थी) के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। सुनील कुमार ने कहा कि ये दुनियां के सभी रक्तदाताओं का पवित्र त्यौहार है। सेंटर फॉर सोशल एंड एजुकेशनल रिसर्च के परियोजना निदेशक डॉ. सतीश सांगवान ने आह्वान किया कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिये लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं व संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। रक्तदान महादान विषय पर क्रॉस एंड क्लाइंब के सैंकड़ो छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्री साईं वेलफेयर सोसाइटी परियोजना निदेशक भूपेंदर ने कहा कि अनीमिया की रोकथाम के प्रयास भी व्यक्तिगत स्तर पर होने चाहिए ताकि रक्त की जरुरत कम पड़े व सभी रक्तदान करने के योग्य हों। इस अवसर पर दीपक काद्यान, सुमन, अमृतसर से बलविंदर कौर, नेहा, परवीन, अम्बाला से सुनैना, सुखविंदर, प्रिया आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल मोड के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली रोड स्थित मेडिकल मोड के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही शव की पहचान का प्रयास किया गया। लेकिन मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक की मौत नशे के ओवरडोज की आशंका जताई जा रही है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मौत किस वजह से हुई।

### करवाया गया पोस्टमार्टम

मेडिकल मोड पर एक युवक का शव मिला है। उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हालांकि प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस जांच कर रही है।

**-जगबीर सिंह, सिविल लाइन थाना प्रभारी**

व्यक्ति जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से बड़ा होताः स्वामी आर्यवेश

# जातिवाद और साम्प्रदायिकता मुक्त समाज से ही सामाजिक सद्भाव बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद एवं युवा निर्माण अभियान के संयुक्त तत्वाधान स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में चल रहे युवा चरित्र निर्माण शिविर में शुक्रवार को युवाओं ने योग के कठिन अभ्यास के साथ साधना के गुरु सीखे। इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय व्यायाम शिक्षक सहसरपाल आर्य ने बच्चों की साधना तथा योगासन की कक्षा प्रारम्भ की। उन्होंने साधारण शारीरिक व्यायाम करवाकर संध्या तथा यज्ञ का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य वक्ता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आज समाज में सामाजिक सद्भाव की भावना को बढ़ाने की आवश्यकता है। देश में कुछ लोग जातिवाद तथा साम्प्रदायिकता का जहर फैलाकर सामाजिक तानेबाने को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आर्य युवकों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह समाज में जातिवाद तथा सम्प्रदायिकता के नाम पर लोगों की संकीर्ण भावनाओं तथा मनसूबों का मुहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि वेद कहता है मनुर्भव। वेद में कहीं पर भी हिन्दू, मुस्लिम, सिख या ईसाई बनने की बात नहीं कही बल्कि मनुष्य बनने की बात कही है।



**रोहतक।** स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में चल रहे युवा चरित्र निर्माण शिविर योग के आसन दिखाते हुए आर्य।

### 100 युवा निर्माण शिविरों का आयोजन

परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री जगफूल ढिल्लों ने कहा कि युवक परिषद आगामी दिनों में 100 युवा निर्माण शिविरों का आयोजन करेगा। ग्राम स्तरीय युवा निर्माण शिविरो में युवाओं को नशामुक्ति, बेटी बचाओ, राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलवाया जायेगा। शिविर संयोजक और दिल्ली आर्य युवक परिषद के प्रधान उत्तम आर्य ने बताया कि शिविर 17 जून तक चलेगा। इस अवसर पर बबरूभान अहलावत, सुषमा आर्या, सुनीता आर्या, माता मूर्तिदेवी, राजबीर वशिष्ठ, रजनेश, अजयपाल, वीरेंद्र कुण्डू, श्रवण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### व्यक्ति जन्म से नहींद कर्म से बड़ा होता है

सार्वदेशिकआर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से बड़ा होता है। आज समाज में किसी व्यक्ति को जन्म के आधार पर छोटा बड़ा माना जाता है। उसका परिणाम है कि समाज का आपसी ताना बाना कमजोर होता जा रहा है। समाज को मजबूत सशक्त बनाने के लिए कर्मों के आधार पर व्यक्ति का मूल्यांकन होना चाहिए।